प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पन्तनगर। 30 मई 2024। विश्वविद्यालय में कामदगिरि क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में आयोजित किये गये साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों क्रमश शिवांगी भट्ट (एम.एस.सी. एजी. प्लांट पैथोलॉजी) दीपक बेलवाल एवं बीरेंद्र नेगी (एमबीए एग्रीबिजनेस) तथा कुमारी प्रगति एवं आशीष भट्ट (पीएचडी जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष लगभग 6 से 7 लाख का पैकेज तथा अन्य सुविधाए देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार